बिहार लोक सेवा आयोग

15, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना – 800001

सहायक अभियोजन पदाधिकारी (प्रारम्भिक) प्रतियोगिता परीक्षा (वि०सं० 42/2011) का अतिरिक्त परीक्षाफल

सहायक अभियोजन पदाधिकारी के पदों पर नियुक्ति हेतु वि०सं० 42/2011 की प्रारम्भिक प्रतियोगिता परीक्षा दिनांक 30.03.2014 को पटना अवस्थित परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न हुई थी जिसका परीक्षाफल दिनांक 29.06.2014 को समाचार पत्रों एवं आयोग के वेबसाइट पर प्रकाशित किया गया था। उक्त परीक्षाफल में 853 उम्मीदवार सफल घोषित थे।

आयोग द्वारा प्रकाशित प्रारम्भिक परीक्षाफल के विरूद्ध माननीय उच्च न्यायालय, पटना में दायर सी०डब्लू०जे०सी० संख्या 13999/2014 (सुमित कुमार झा बनाम बिहार राज्य एवं अन्य) में दिनांक 25.11.2014 को माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पारित न्यायादेश में आयोग को निदेश दिया गया है कि उक्त प्रारम्भिक प्रतियोगिता परीक्षा के विधि विषय के 01 (एक) प्रश्न (प्रश्न पुस्तिका श्रृंखला – A, B, C, D के क्रमशः प्रश्न संख्या – 146, 36, 78 एवं 119) को रद्द करते हुए उक्त विषय के सभी उत्तर पत्रकों का पुनर्मूल्यांकन कर परीक्षाफल घोषित किया जाय। उक्त न्यायादेश के आलोक म विधि विषय के सभी उत्तर पत्रकों का पुनर्मूल्यांकन किया गया।

तदालोक में पुनर्मूल्यांकन के उपरान्त पूर्व में सफल घोषित 853 उम्मीदवारों के अतिरिक्त निम्नांकित 17 नये उम्मीदवारों को वि०सं० 42/2011 के अन्तर्गत सहायक अभियोजन पदाधिकारी (मुख्य) प्रतियोगिता परीक्षा हेतु सफल घोषित किया जाता हैः–

800676 800714 800935 801225 801897 802372 802486 803849 804544
806452 806783 808467 808641 808881 809734 809953 810564

टिप्पणीः 1. उक्त सफल घोषित कुल 870 उम्मीदवारों में सामान्य कोटि (01) के 424, अनुसूचित जाति (02) के 144, अत्यन्त पिछड़ा वर्ग (04) के 150, पिछड़ा वर्ग (05) के 108 एवम् पिछड़े वर्ग की महिला (06) क 21 उम्मीदवार हैं जिनमें 02 विकलांग उम्मीदवार सन्निहित हैं। इसके अतिरिक्त 23 उम्मीदवारों को विकलांगता के आधार पर आरक्षण का लाभ दिया गया है।

2. उपर्युक्त परीक्षाफल आयोग के वेबसाईट http://bpsc.bih.nic.in पर देखा जा सकता है।

3. उपर्युक्त परीक्षा में भाग लेने वाले सभी उम्मीदवारों का संशोधित प्राप्तांक यथाशीघ्र आयोग के उक्त वेबसाईट पर प्रकाशित किया जायेगा।

4. अतिरिक्त सफल घोषित उम्मीदवारों को मुख्य प्रतियोगिता परीक्षा हेतु आवेदन पत्र भरने के लिए डाक द्वारा शीघ्र सूचित किया जायेगा।

तिथिः 09 दिसम्बर, 2014

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना